INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR
DEPARTMENT OF HINDI [2022-2023]

TOPIC: रंग-बिरंगे फूल WORKSHEET- अर्थग्रहण

RESOURCE PERSON: MRS. RIZWANA BEGUM

NAME: ________________ CLASS: V SEC.__ DATE: ______

I. नीचे दिए गए पाठ्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए:

फूल सभी को प्रिय होते हैं । जब कभी हम फूलों से भरे बगीचे से गुज़रते हैं, तो फूलों की सुगंध हमें अपनी ओर आकर्षित कर लेती है । फूलों को पुष्प, सुमन, और कुसुम कहते हैं । फूल कई प्रकार के होते हैं जैसे - गुलाब, बेला, चमेली, गेंदा आदि । फूलों का प्रयोग हम कई तरह से करते हैं - किसी के स्वागत के लिए, विवाह में, घर सजाने के लिए, पूजा में और किसी त्योहार पर रंगोली बनाने के लिए आदि । क्या आप जानते हैं कि सुगंधित इत्र भी फूलों से बनते हैं ? गुलाब के फूलों से गुलकंद बनता है जो हमारे शरीर को ठंडक देता है । गुलाब के रस से गुलाब जल बनाया जाता है जो आँखों के लिए लाभकारी होता है ।

क) अनुच्छेद के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए:

प्रश्न.1. फूल के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

उत्तर. --

प्रश्न.2. कोई दो फूलों के नाम लिखिए-

उत्तर. --

ख) सही या गलत (√ or ×) का निशान लगाइए:

1. गुलाब के फूल से गुलकंद बनता है । ☐
2. फूलों से इत्र बनता है । ☐
3. फूलों की सुगंध हमें आकर्षित नहीं करती है । ☐

ग) अनुच्छेद के आधार पर खाली स्थान भरिए:

1. गुलाब के रस से ________ बनता है जो आँखों के लिए ________ है ।
2. फूलों का प्रयोग हम कई तरह से करते हैं - किसी के ________ के लिए, विवाह में, घर ________ के लिए,पूजा में और किसी त्योहार पर रंगोली बनाने के लिए आदि ।